राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

विज्ञप्ति

दिनांक : **30.07.2018**

आयोग द्वारा **राज. राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2018** दिनांक 05.08.2018 (रविवार) को एक सत्र में प्रातः 10.00 बजे से 01.00 बजे तक राजस्थान राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जा रही है, इस संबंध मे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है किः–

1. दिनांक 29.07.2018 को जारी टी.एस.पी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर परीक्षा तिथि तकनीकी कारणों से त्रुटि पूर्ण अंकित हो गई थी, जिसमें सुधार कर दिया गया है, तथा टी.एस.पी क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों को एस.एम.एस के माध्यम से भी सूचित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा दिनाक 05.08.2018 को ही आयोजित होगी।
2. अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर मुख्य केटेगरी ही अंकित है। उप श्रेणी (यथा WD/ DV/EX/DC/NG/RG) प्रदर्शित नहीं होने से किसी प्रकार भ्रमित ना हो अभ्यर्थी के मूल आवेदन–पत्र में उक्तानुसार भरी गई श्रेणी को ध्यान मे रखकर ही आयोग द्वारा अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(पी.सी.बेरवाल)
सचिव

– –